भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या. 2482
(सोमवार, 04 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए)

कर्नाटक में पीएमआईएस के माध्यम से लाभान्वित युवा

2482. श्री पी. सी. मोहनः

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) युवाओं में रोज़गार क्षमता और कौशल बढ़ाने के लिए शुरू किए गए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के उद्देश्य और प्रमुख घटक क्या हैं;
(ख) इस योजना की शुरूआत से लेकर अब तक बेंगलुरु शहरी ज़िले के विशिष्ट आंकड़े सहित कार्यक्रम के अंतर्गत कर्नाटक में कितने प्रशिक्षु लाभान्वित हुए हैं;
(ग) बेंगलुरु में कौन-कौन से क्षेत्र और संस्थान उक्त योजना के अंतर्गत इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए भागीदार हैं;
(घ) क्या बेंगलुरु में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अर्धचालक, हरित ऊर्जा और डिजिटल सेवाओं जैसे उभरते क्षेत्रों में इंटर्नशिप के अवसरों का विस्तार करने के लिए कोई विशिष्ट लक्ष्य या प्रोत्साहन हैं;
(ङ) क्या सरकार ने इंटर्नशिप प्लेसमेंट को व्यापक बनाने के लिए कर्नाटक में स्टार्ट-अप, एमएसएमई और अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोग किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) क्षेत्र में प्रशिक्षुओं के लिए वजीफा, मार्गदर्शन और नौकरी सुनिश्चित करने के लिए क्या सहायता तंत्र मौजूद हैं?

उत्तर
कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क): बजट 2024-25 में घोषित प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य पाँच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को योजना का एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसे एक वर्ष में 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। पीएमआईएस पायलट प्रोजेक्ट के दिशानिर्देश https://pminternship.mca.gov.in पर उपलब्ध हैं।

पीएमआईएस पायलट प्रोजेक्ट के तहत, कंपनी से व्यक्ति को उस कौशल पर वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान करने की उम्मीद है जिससे कंपनी सीधे तौर पर संबद्ध है। यह युवाओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने और विभिन्न व्यवसायों या संगठनों के वास्तविक जीवन के माहौल में अनुभव और कौशल प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य अकादमिक शिक्षा और उद्योग की आवश्य कताओं के बीच की अन्तराल को कम करके उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है।

(ख): 3 अक्टूबर, 2024 से शुरू हुए पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर में, देश भर में साझेदार कंपनियों द्वारा 1.27 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर पोस्ट किए गए। 9 जनवरी, 2025 को शुरू हुए पायलट प्रोजेक्ट के दूसरे दौर में, साझेदार कंपनियों ने देश भर में 1.18 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर (पिछले दौर के नए और संपादित अपूरित अवसर) पोस्ट किए हैं।

पहले दौर और दूसरे दौर में, कर्नाटक और बेंगलुरु शहरी जिले में कंपनियों द्वारा पोस्ट किए गए इंटर्नशिप के अवसरों का विवरण, और कर्नाटक राज्य और बेंगलुरु शहरी जिले के अभ्यर्थियों को किए गए प्रस्ताव अनुलग्नक I में दिए गए हैं।

(ग) और (घ): पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर और दूसरे दौर में, 110 से अधिक कंपनियों ने बेंगलुरु शहरी जिले में इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए हैं।

साझेदार कंपनियों की सूची में विमानन और रक्षा, मोटर वाहन, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं, रसायन उद्योग, परामर्श सेवाएं, आईटी और सॉफ्टवेयर विकास, स्वास्थ्य देखभाल, अवसंरचना और निर्माण, धातु और खनन, तेल, गैस और ऊर्जा जैसे विविध क्षेत्रों और बिक्री, लेखा, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, प्रक्रिया सहयोगी, विनिर्माण सहयोगी और संयंत्र संचालन आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भूमिकाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, उभरते क्षेत्रों में इंटर्नशिप को बढ़ावा देने के लिए, पायलट प्रोजेक्ट दिशानिर्देशों में यह प्रावधान है कि योजना में भाग लेने की इच्छुक कोई भी कंपनी/बैंक/वित्तीय संस्थान कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) से संपर्क कर सकती है, जो कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए विचार करेगा।

(ङ): योजना में कंपनियों की भागीदारी स्वैच्छिक है। दिशानिर्देशों में यह प्रावधान है कि यदि साझेदार कंपनी इंटर्नशिप के अवसर सीधे तौर पर प्रदान नहीं कर सकती है, तो वह अपनी आगे और पीछे की आपूर्ति श्रृंखला (जैसे आपूर्तिकर्ताओं/ग्राहकों/विक्रेताओं) या अपने समूह की अन्य कंपनियों/संस्थानों के साथ गठजोड़ कर सकती है; या अन्यथा, जिसमें स्टार्ट-अप, एमएसएमई और अनुसंधान संस्थान शामिल हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, कारपोरेट कार्य मंत्रालय योजना के प्रचार और कार्यान्वयन के लिए विभिन्न हितधारकों जैसे राज्य सरकारों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय सहित केंद्र सरकार के मंत्रालयों और उद्योग संघों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

(च): पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत, इंटर्न को सरकार द्वारा आकस्मिक राशि के लिए 6000/- रु का एकबारगी अनुदान संवितरित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, इंटर्न को मासिक सहायता का भुगतान किया जाता है, जिसमें सरकार द्वारा 4,500/- रुपये प्रति माह और कंपनी द्वारा 500 रुपये प्रति माह सीएसआर निधि से प्रदान किए जाते हैं। इंटर्न के प्रशिक्षण से संबंधित व्यय कंपनी द्वारा मौजूदा नियमों के अनुसार अपनी सीएसआर निधियों से वहन किया जाता है। यदि कोई कंपनी 500 रुपये से अधिक मासिक सहायता प्रदान करना चाहती है, तो वह अपने स्वयं के निधि से ऐसा कर सकती है। समय पर समाधान सुनिश्चित करने और उपयोगकर्ताओं की समग्र संतुष्टि बढ़ाने के लिए हितधारकों द्वारा सामना किए जाने वाले सरोकारों और मुद्दों का समाधान करने के लिए एक समर्पित कॉल सेंटर सहित एक मजबूत शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया गया है।

पीएमआईएस पायलट प्रोजेक्ट रोजगार प्रदान करने की योजना नहीं है। यह युवाओं को व्यवसायों या संगठनों के वास्तविक जीवन के वातावरण में प्रशिक्षण प्राप्त करने, अनुभव और कौशल प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है जो अकादमिक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच अन्तराल को कम करने में मदद करता है, जो बदले में, उसकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने में सहायता करता है।

*****

अनुलग्नक

लोक सभा में दिनांक 04.08.2025 को उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2482 भाग (ख) का अनुलग्नक

कंपनियों द्वारा पोस्ट किए गए इंटर्नशिप के अवसरों और कर्नाटक राज्य और बेंगलुरु शहरी जिले के अभ्यर्थियों को किए गए प्रस्तावों का विवरण।

	कंपनियों द्वारा पोस्ट किए गए इंटर्नशिप के अवसर		कर्नाटक और बेंगलुरु शहरी के अभ्यर्थियों को दिए गए प्रस्ताव	
	पहला दौर	दूसरा दौर	पहला दौर	दूसरा दौर*
कर्नाटक	10022	9928	3098	2245
बंगलारू शहरी	6089	5511	713	543

*वर्तमान में प्रस्तावों को शुरू करना और दूसरे दौर में इंटर्न द्वारा स्वीकरण/कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

*****